प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

बल्क ड्रग पार्क

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कल ऊना जिला के हरोली उपमंडल के पोलियां बीत में निर्माणाधीन बल्क ड्रग पार्क परियोजना के अंतर्गत 250 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले साइट विकास व आधारभूत संरचना कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने पंजुआना में 10 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले कामकाजी महिला छात्रावास की भी आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बल्क ड्रग पार्क परियोजना राष्ट्रीय महत्त्व की परियोजना है। उन्होंने अधिकारियों को इसके कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महत्त्वाकांक्षी परियोजना से स्थानीय युवाओं के लिए व्यापक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि दो हजार करोड़ रुपये की लागत से विकसित हो रहा ये औद्योगिक परिसर देश के फार्मा क्षेत्र को नई मजबूती देगा। यह परियोजना एक्टिव फार्मास्यूटिकल इन्ग्रीडिएंट्स के निर्माण में भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगी तथा दवाइयों के कच्चे माल के लिए बाहरी देशों पर निर्भरता कम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनहित को सर्वोपरि रखते हुए इस महत्त्वाकांक्षी परियोजना को स्वयं संचालित करने का निर्णय लिया है। केंद्र और राज्य सरकार इस योजना में एक–एक हजार करोड़ रुपये का समान निवेश कर साझेदारी के आधार पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए प्राकृतिक रूप से उत्पादित फसलों पर देश में सबसे अधिक 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' प्रदान कर रही है। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इस अवसर पर कहा कि हरोली क्षेत्र को औद्योगिक मानचित्र पर वैश्विक पहचान दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि ये परियोजना प्रदेश की औद्योगिक प्रगति में मील का पत्थर सिद्ध होगी तथा राज्य को रोजगार, निवेश और आर्थिक सशक्तिकरण के नए अवसर प्रदान करेगी।

..................................................................

हरोली उत्सव

बैसाखी के उल्लास और लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर राज्य स्तरीय हरोली उत्सव के दूसरे दिन की सांस्कृतिक संध्या में आज पंजाबी स्टार गायक जी खान और प्रभ गिल अपने गानों से धमाल मचाएंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार आज की सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इससे पहले कल मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने सोमभद्रा नदी तट स्थित हरोली मैदान, रोड़ा में माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर की पावन ज्योति की पूजा–अर्चना कर आयोजन की शुरुआत की। पूरे क्षेत्र

में आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी उनके साथ मौजूद रहे।

अधिक ब्यौरा हमारे ऊना जिला संवाददता से........

*राज्य स्तरीय हरोली उत्सव का शुभारम्भ कल देर शाम रोड़ा गांव में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने किया। हरोली के विधायक और उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के साथ वे एक खुली जीप में सवार होकर एक भव्य यात्रा का नेतृत्व करते हुए वे उत्सव स्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने प्रदर्शियों का अवलोकन किया और सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। ये उत्सव वैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में स्वां नदी के किनारे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है और आगामी 3 दिनों के दौरान स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जायेंगी जबकि स्वंय सहायता समूहों और स्थानीय औद्योगिक इकाईयों द्वारा बनाए गए उत्पाद भी प्रदर्शित किए गए है। उत्सव स्थल पर बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले और मनोरंजन खेलों के अलावा देश के विभिन्न राज्यों के खानपान के स्टॉल भी लगायें गए है।*

......................................................................

राज्य चुनाव आयोग

राज्य चुनाव आयोग ने कहा है कि पंचायत चुनाव प्रक्रिया के दौरान आने वाली शिकायतों के निपटारे के लिए अब अधिकतम 6 माह की समय सीमा तय की गई है। इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। इससे पहले कई मामलों में फैसले आने में दो से चार वर्ष लग जाते थे। राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची ने कहा कि पंचायत समिति और जिला परिषद के चुनावों में आरक्षण लागू होने के बावजूद उम्मीदवारों के लिए विकल्प खुले रहेंगें पंचायत समिति चुनाव के लिए उम्मीदार को संबंधित ब्लॉक का मतदाता होना जरूरी है। जबकि जिला परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवार पूरे जिले में कहीं भी वोटर हो सकता है। यदि किसी सीट पर आरक्षण लागू हो जाता है तो उम्मीदवार दूसरी अनारक्षित सीट से चुनाव लड़ सकता है। ये नियम ग्राम पंचायत प्रधान के चुनाव पर लागू नहीं होता।

......................................................................

मुख्यमंत्री–कुल्लू प्रवास

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सूक्खु आज कुल्लू के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। वे पहले मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ के घर जाएंगे तथा शोकाकुल परिवार से मिलेंगे। भुवनेश्वर गौड़ के बड़े भाई का बीते दिनों निधन हो गया था। इसके बाद मुख्यमंत्री कुल्लू क्षेत्र के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के घर जाएंगे तथा शोकाकुल परिवार से मिलेंगे। विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के पिता का बीते दिनों निधन हो गया था।

......................................................................

किन्नौर–आयुष विभाग

जनजातीय जिला किन्नौर में आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविरों आयोजित कर नाड़ी परीक्षण, आयुर्वेदिक उपचार और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का विशेष उपचार किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत ठंडे और शुष्क क्षेत्रों में रहने वाले वृद्धजनों के लिए ये शिविर लाभप्रद साबित

हो रहे हैं। जिला आयुष अधिकारी प्रवीण शर्मा ने बताया कि जिले में 197 लोगों का निःशुल्क उपचार किया गया।

अधिक ब्यौरा हमारी किन्नौर जिला संवाददता से...........

*जनजातीय जिला किन्नौर जैसे अधिकतर ठंडे और खुश्क क्षेत्र में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य संबंधी विशेष समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए आयुष विभाग द्वारा यहां आम जनता, विशेषकर किसान और बागवानों के लिए विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। बीते दिनों आयुष विभाग द्वारा यहां आम जनता विशेषकर किसान और बागवान के लिए विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। बीते दिनों सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में आयुष विभाग द्वारा 197 लोगों का मुफ्त इलाज किया गया। जिला आयुष अधिकारी प्रवीण शर्मा ने बताया कि आयुष विभाग मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से हर महीने दो निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर रहा है। इन शिविरों में नाड़ी परीक्षण, आयुर्वेदिक उपचार और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का विशेष इलाज किया जाता है। आकाशवाणी के लिए किन्नौर से सुमेश नेगी। /*

....................................................................